# भाजपा नेता की कार ने 5 लोगों को कुचला

## 2 की मौत, उग्र हुई भीड़, टीआई का कॉलर पकड़ा, चक्काजाम से यातायात ठप

**मुरैना, 27 दिसंबर. पोरसा में देर रात एक कार से घर के बाहर अलाव ताप रहे पांच लोगों को कुचल दिया. ग्वालियर में भर्ती दो घायलों की मौत हो गई. हादसे में रामदत्त राठौर (65) और अर्णव उर्फ अन्नू लक्षकार (11) गंभीर रूप से घायल थे. दोनों को ग्वालियर रेफर किया गया, जहां उनकी मौत हो गई.**

शनिवार दोपहर को पोस्टमॉर्टम के बाद दोनों के शव पोरसा लाए गए, जहां अंतिम संस्कार किया गया. हादसे में घायल कमलेश राठौर, गिर्राज राठौर और अभिषेक तोमर का इलाज जारी है. कार पोरसा से जोटई की ओर जा रही थी. कार चालक भाजपा नेता दीपेंद्र भदौरिया शराब के नशे में बताया गया है. वह तेज रफ्तार के



कारण कार पर नियंत्रण नहीं रख सका. हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई. हादसे के बाद कार चला रहे आरोपी को भीड़ ने पकड़ लिया और जमकर पीटा. इसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया. हालांकि कुछ देर में आरोपी पुलिस हिरासत से भाग निकला.

### भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष की गाड़ियां आपस में टकराई

**रतलाम, 27 दिसंबर.** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शनिवार को रतलाम आए. जिले की सीमा में प्रवेश करते ही उनके साथ चल रही गाड़िया आपस में टकरा गई. तेज गति से चल रही गाड़ियों में अचानक ब्रेक लगाने से गाड़ियां आपस में टकरा गई. भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने शनिवार को गाड़ियों के काफिले के साथ जिले में प्रवेश किया. काफिले में शामिल कई गाड़ियां तेज रफ्तार से चल रही थी. फोरलेन मार्ग के सरवड़-जमुनिया के पास तेज गति के चलते कुछ गाड़ी आपस में टकरा गई. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार काफिले में शामिल वाहनों की गति काफी तेज थी. अचानक ब्रेक लगने और दूरी न होने के कारण काफिले की गाड़ियों में भिड़ंत हो गई. टक्कर के बाद कुछ समय के लिए फोरलेन पर वाहनों को रोकना पड़ा, जिससे यातायात प्रभावित हुआ. कुछ देर बाद क्षतिग्रस्त वाहनों को साइड में कर काफिला आगे के लिए रवाना हुआ. सूत्रों के अनुसार हादसे के बाद भाजयुमो पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपनी गाड़ियों से नीचे उतर आए. हालांकि इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है और सभी सुरक्षित बताए जा रहे हैं.

# इंदौर-मुंबई में छापे, 23 लाख कैश जब्त

- रुची सोया ग्रुप बैंक फ्रॉड में ईडी का बड़ा एक्शन
- 20 लाख रुपए से ज्यादा की रकम फ्रीज

**इंदौर, 27 दिसंबर. बैंकों से हजारों करोड़ की धोखाधड़ी से जुड़े रुची सोया ग्रुप मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिकंजा कस दिया है.**

ईडी इंदौर सब जोनल ऑफिस की टीम ने इंदौर और मुंबई में एक साथ कई ठिकानों पर छापेमारी की. यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत की गई है. ईडी की अधिकृत जानकारी के अनुसार यह जांच सीबीआई भोपाल द्वारा दर्ज की गई कई एफआईआर के आधार पर शुरू की थी. जांच के दायरे में रुची सोया ग्रुप से जुड़ी कंपनियां एम/एस रुची ग्लोबल लिमिटेड (अब एग्रोट्रेड एंटरप्राइजेज लिमिटेड), एम/एस रुची एक्रोनी इंडस्ट्रीज लिमिटेड (अब स्टीलटेक रिसोर्सेज लिमिटेड) और एम/एस आरएसएएल स्टील प्राइवेट लिमिटेड (अब एलजीबी स्टील प्राइवेट लिमिटेड) शामिल हैं. ये कंपनियां स्वर्गीय कैलाश चंद्र शारडा और उमेश शारडा द्वारा प्रवर्तित बताई गई हैं. ईडी जांच में सामने आया है कि आरोपितों ने सुनियोजित तरीके से कई शेल कंपनियां बनाईं.

फर्जी लेटर ऑफ क्रेडिट और कैश क्रेडिट के लेन देन कर कर्ज की रकम को इधर उधर घुमाया. इसके साथ ही कागजों में फर्जी खरीद बिक्री दिखाकर जानबूझकर घाटा दर्शाया गया, ताकि बैंकों से लिए गए लोन की रकम को निजी फायदे के लिए निकाल लिया जाए. इस पूरे खेल में अपराध से कमाई गई रकम को छिपाने और वैध दिखाने की कोशिश की गई. छापेमारी के दौरान ईडी ने आरोपितों और उनके परिजनों के नाम पर मौजूद 20 लाख रुपए से ज्यादा की बैंक राशि फ्रीज की गई है. वहीं 23 लाख रुपए से अधिक की नकदी भी जब्त की गई है. इसके अलावा बड़ी संख्या में दस्तावेज और डिजिटल डिवाइस मिले हैं.

# रेलवे एक माह में कर देगी फ्लाईओवर ब्रिज का कार्य

## रेल प्रबंधक राकेश रंजन ने किया अनूपपुर स्टेशन पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण

**अनूपपुर, 27 दिसंबर. दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल के नव नियुक्त मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन द्वारा बिलासपुर से बुढार तक रेल खण्ड का विस्तृत विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया.**

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न स्टेशनों एवं मध्यवर्ती खण्डों का गहन अवलोकन करते हुए यात्री सुरक्षा, संरक्षा मानकों तथा रेल परिचालन से संबंधित व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की. पेंड्रा रोड स्टेशन पर उन्होंने निरीक्षण किया. उसके पश्चात अनूपपुर आए. अनूपपुर रेलवे



स्टेशन पहुंचने के पूर्व उन्होंने 220/2 ड्ड 25 के व्ही कर्षण उप-केन्द्र द.पू. मध्य रेल्वे अनूपपुर का निरीक्षण किया एवं संबंधितों से सुरक्षा को लेकर पूरी जानकारी ली. यहीं पर नगर के पत्रकारों एवं जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की. जिसमें प्रमुख रूप से जिला विकास मंच के संयोजक वासुदेव चटर्जी एडवोकेट, विनोद (गुड्डा) सोनी (नगर पालिका प्रतिनिधि के रूप में) वरिष्ठ पत्रकार अरविंद बियानी, राजेश शिवहरे एवं चैतन्य मिश्रा ने ज्ञापन दिया एवं प्रमुख स्थानीय रेलवे स्टेशन के मुद्दों पर बातचीत की जिस पर उन्होंने कहा कि स्थल पर चलकर मुआयना करता हूं. इसके पश्चात वहां से रेलवे लाइन से पदयात्रा करते हुए नवनिर्मित हो रहे फ्लाई ओवर ब्रिज के पास आए एवं पूरे टेक्निकल मुद्दों पर संबंधितों से बात की एवं विश्वास दिलाया कि एक माह में रेलवे अपना काम पूरा कर देगी. उसके पश्चात वह अपने स्पेशल ट्रेन से अनूपपुर जंक्शन स्टेशन पहुंचे. वहां से पदयात्रा करते हुए प्लेटफार्म पर बन रहे.

# इन्फ्लूएंसर को मारकर चंबल में फेंकने की धमकी

### सोशल मीडिया विवाद में धमकी तक पहुंचा मामला

**इंदौर, 27 दिसंबर. सोशल मीडिया पर चल रहे आपसी विवाद अब गंभीर मोड़ पर पहुंचते नजर आ रहे हैं. एक सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर को जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है.**

धमकी देने वाले ने फोन पर चेतावनी देते हुए कहा कि हत्या कर शव चंबल नदी में फेंक दिया जाएगा. मामले की शिकायत थाने में दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. घटना शनिवार की बताई जा रही जब सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर वीर शर्मा अपने कुछ साथियों के साथ एमआईजी थाना



पहुंचे और पुलिस को लिखित आवेदन सौंपा. आवेदन में वीर ने बताया कि उसके मोबाइल फोन पर एक अज्ञात युवक का कॉल आया था. कॉल करने वाले ने धमकी दी कि यदि उसने आगे से सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर धर्मेंद्र बिलोटिया के खिलाफ कुछ भी कहा, तो उसे जान से मार दिया जाएगा और शव चंबल नदी में फेंक दिया जाएगा.

### जांच में जुटी पुलिस

वीर का आरोप है कि हाल ही में उसने सोशल मीडिया पर धर्मेंद्र बिलोटिया को लेकर कुछ बयान दिए थे, जिसके बाद से उसे लगातार धमकियां मिल रही हैं. सिर्फ फोन कॉल ही नहीं, बल्कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए भी उसे डराने की कोशिश की जा रही है. धमकी के बाद से वीर और उसके परिजन दहशत में हैं. मामले में एमआईजी थाना प्रभारी सीबी सिंह ने बताया कि वीर शर्मा शनिवार दोपहर थाने आया था और उसने पूरे घटनाक्रम को लेकर लिखित शिकायत दी है. पुलिस ने आवेदन के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है.

# शिवपुरी में बैंक का मैसेज ओपन करते ही एक लाख रुपए गायब

**शिवपुरी.** नरवर के एक बुजुर्ग ने मोबाइल पर आए एक टेक्स्ट मैसेज को ओपन किया और उसके खाते से 1 लाख रुपए गायब हो गया. वही एक अन्य व्यक्ति को एक ऑनलाइन कंपनी ने लालच देकर उसके साथ ठगी कर ली. नरवर कस्बे के वार्ड क्रमांक 11 में निवास करने वाले नरेंद्र कुमार राठौर एक लाख रुपये की साइबर ठगी का शिकार हुए है. नरेन्द्र कुमार राठौर ने बताया कि उनका खाता एसबीआई के नरवर बैंक में है और इस खाते से उनका फोन पे चलता है. नरेंद्र के पास उसके मोबाइल में 194 रुपए क्रेडिट होने का एक मैसेज आया.

# वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस की तैयारी अंतिम चरण पर

- निगमायुक्त, विधायक ने निरीक्षण में लिया जायजा

**जबलपुर, 27 दिसंबर. संस्कारधानी में होने जा रहे प्रतिष्ठित वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस और गीता भवन के उद्घाटन समारोह को लेकर तैयारियां अब अंतिम चरण में हैं.**

शनिवार को पाटन विधान सभा क्षेत्र के विधायक अजय विश्नोई और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने आयोजन स्थलों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया. इस दौरान निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन में किसी भी प्रकार की चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी. निरीक्षण की शुरुआत मानस भवन



से हुई, जहां कॉन्फ्रेंस के मुख्य सत्र आयोजित होने हैं. इसके बाद निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार गीता भवन वैचारिक अध्ययन केंद्र पहुंचे. उन्होंने पूरे परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई, बैठने की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था और सौंदर्यकरण के कार्यों को देखा. निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि सभी चाक-चौबंद व्यवस्थाएं समय सीमा के भीतर पूरी कर ली जाएं. उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि विश्व स्तरीय आयोजन में शहर की छवि दांव पर होती है. यदि किसी भी कार्य में कोताही बरती गई या लापरवाही सामने आई, तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

# कार्टेजों में नशे में धुत युवक-युवतियां मिले

### छह हजार में फुल नशा पार्टी, रिसोर्ट में पुलिस ने दी दबिश

### मैनेजर हिरासत में, दो पब भी किए सील

**इंदौर, 27 दिसंबर. शहर में देर रात चल रही नशे की पार्टियों पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है. लसूड़िया इलाके में एक रिसोर्ट में खुलेआम फुल नशे की गारंटी के साथ पार्टी कराई जा रही थी, जहां पुलिस के अचानक पहुंचते ही हड़कंप मच गया.**

लसूड़िया थाना क्षेत्र में नेमावर रोड स्थित एक रिसोर्ट में देर रात चल रही पार्टी पर पुलिस ने छापा मारा. तेज साउंड में म्यूजिक बजने की शिकायत मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची. दबिश के दौरान रिसोर्ट के अलग अलग कार्टेज खुलवाए गए, जहां कई युवक और युवतियां नशे की हालत में मिले. पुलिस पूछताछ में सामने आया कि पार्टी में एंट्री के लिए प्रति व्यक्ति छह हजार रुपए लिए जा रहे थे. इस रकम के बदले आयोजक की ओर से भरपूर नशा कराने का वादा किया था. जांच में पार्टी के आयोजक का नाम भी सामने आया है, जिसकी भूमिका की पुलिस पड़ताल कर रही है. पुलिस ने मौके से तेज आवाज में चल रहा साउंड सिस्टम जब्त कर लिया और रिसोर्ट के मैनेजर को हिरासत में ले लिया.

वहीं पार्टी में शामिल युवक युवतियों के नाम-पते दर्ज कर उन्हें सख्त हिदायत देकर घर रवाना किया. मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है. इधर, देर रात तक नियमों को ताक पर रखकर शोर मचाने वाले पब-बार के खिलाफ भी पुलिस ने कार्रवाई की. लसूड़िया थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी के नेतृत्व में टीम ने द हब बिल्डिंग स्थित एफ बार और नैनिस किचन में दबिश दी. दोनों जगह टैरेस पर तेज साउंड में म्यूजिक बज रहा था. इन पबों को लेकर काफी समय से आसपास रहने वाले लोगों की शिकायतें मिल रही थीं.

### एक नजर में

## डीजीपी सहित अन्य से जवाब-तलब

**जबलपुर, 27 दिसंबर.** मप्र हाईकोर्ट ने एक थाना प्रभारी की वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने पर रोक लगा दी है. जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने विभागीय जांच के साथ रिकॉर्ड पेश करने के निर्देश दिये है। इसके साथ ही एकलपीठ ने गृह विभाग के प्रमुख सचिव, डीजीपी और आईजी भोपाल को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है. दरअसल भोपाल निवासी भगवान दास बीरा की ओर से बताया गया कि विदिशा में गांजा तस्करों को पकड़ने वाली पुलिस टीम पर हमला हुआ था। याचिकाकर्ता पर आरोप लगाया गया कि उन्होंने समय पर मामले में कार्रवाई नहीं की। जनवरी 2020 को चार्जशीट दी गई। बाद में आईजी ने संचयी प्रभाव से एक वार्षिक वेतनवृद्धि रोक दी। याचिका में दलील दी गई कि चूंकि टीआई एक गजटेड पोस्ट है, इसलिए नियमानुसार आईजी उन्हें दंडित नहीं कर सकते. सुनवाई के बाद न्यायालय ने अगली सुनवाई के दौरान विभागीय जांच के रिकॉर्ड पेश करने के साथ ही उक्त निर्देश दिये.

## सफेद वर्दी पुलिस केवल चालान तक सीमित

**शाजापुर, 27 दिसंबर.** शाजापुर की बिगडैल यातायात व्यवस्था शायद ही कभी सुधरे. पहले भी यातायात व्यवस्था बिगड़ी थी लेकिन वर्तमान में यातायात व्यवस्था अपने सबसे बदतर स्थिति में है. विभाग के पास तीन सूबेदार, आधा दर्जन यातायात पुलिसकर्मी, बस स्टैंड के लिए अलग पुलिसकर्मी, इसके बावजूद भी बस स्टैंड से ट्राफिक पाइंट तक यातायात व्यवस्था भगवान भरोसे. शहर के भीतर की हालत तो और भी खराब है. गौरतलब है कि शाजापुर यातायात व्यवस्था अपनी सबसे बिगड़ैल सीमा पर पहुंच चुकी है. पाइंटो पर ना तो आपको यातायात पुलिसकर्मी नजर आएंगे और ना ही शहर के भीतर नजर आएंगे. कहने को शहर का यातायात संभालने के लिए तीन सूबेदार हैं और एक यातायात प्रभारी तथा आधा दर्जन यातायात पुलिसकर्मी. इसके बाद भी ना तो बसों की रफ्तार पर काबू है और ना ही स्कूल की बसों पर कोई लगाम है. बस स्टैंड परिसर में यातायात को संभालने के लिए एक पुलिसकर्मी भी मौजूद है, लेकिन उसके बावजूद भी बस स्टैंड परिसर में खुले आम ऑटो रिक्शा, बाइक व कार का बीच सडक़ पर खड़े होना आम बात है, कोई सुनने वाला नहीं है. यातायात पुलिस का खौफ पूरी तरह वाहन चालकों से खत्म हो चुका है, यही वजह है कि जिसकी जहां मर्जी होती है वह वहां वाहन खड़ा कर देता है. शहर के भीतर तो हालत यह है कि रेंग रेंग कर वाहन चलते हैं, कोई भी यातायात पुलिसकर्मी आपको शहर में नजर नहीं आएगा.

## राशन वितरण को लेकर दो पक्ष भिड़े

**जबलपुर, 27 दिसंबर.** गोसलपुर थाना क्षेत्र में राशन वितरण को लेकर दो पक्ष भिड़ गए। महिलाओं-पुरूषों ने एक दूसरे के साथ मारपीट की जिसमें चार लोग घायल हुए. मारपीट का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है जिसके आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है. जानकारी के मुताबिक गोसलपुर कछपुरा गांव में करीब दो साल पहले शासकीय उचित मूल्य की दुकान खुली थी. जिसका संचालक अध्यक्ष पूजा पटेल और सचिव अर्चना पटेल समेत समूह की महिला सदस्य संयुक्त रूप से करती आ रही थी. वर्तमान में अर्चना पटैल अध्यक्ष बनी और पूजा सचिव बनाई गई. इसके बाद दोनों पक्षों के बीच मनमुटाव शुरू हुआ. इसके साथ ही आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी चलता रहा.

# महाराष्ट्र से मुक्त कराए गए 15 आदिवासी मजदूर

### 48 घंटे में पुलिस ने पहुंचाया गांव

**शिवपुरी, 27 दिसंबर. जिले के ग्राम सेवाड़ा के लगभग 15 आदिवासी मजदूरों को मजदूरी के लिए ले गए व्यक्ति के चंगुल से शिवपुरी पुलिस ने महाराष्ट्र पुलिस के सहयोग से मुक्त कराकर आज सकुशल उनके गांव वापस पहुंचाया.**

पुलिस सूत्रों ने शानिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ को 24 दिसंबर को अशोक आदिवासी सहित अन्य आदिवासियों ने सामूहिक रूप से शिकायत की थी कि महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में गन्ने के खेतों में मजदूरी कराने के लिए एक ठेकेदार पूर्व में उनके गांव आया था. उसने गांव के निलेश आदिवासी से बातचीत कर लगभग 25 आदिवासी मजदूरों को सोलापुर जिले ले गया था. कुछ मजदूर बीच में ही अपने गांव लौट आए थे, जबकि निलेश आदिवासी वापस आ गया और वहां रह गए मजदूरों की मजदूरी भी लेकर आ गया. शेष मजदूरों के पास करीब 1400 किलोमीटर की दूरी तय कर गांव लौटने के लिए पैसे नहीं थे. जिस पर उन्होंने फोन के माध्यम से परिजनों को सूचना दी. पुलिस अधीक्षक ने तत्काल सोलापुर के पुलिस अधीक्षक से संपर्क किया.

# कमिश्नर सत्यवर्धन गौतम बने अध्यक्ष

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति कार्यालय-2 का किया गठन

**ग्वालियर, 27 दिसंबर. गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग, भारत सरकार द्वारा ग्वालियर शहर में स्थित केंद्र सरकार के कार्यालयों का पुनर्गठन करते हुए नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) कार्यालय-2 का गठन किया गया है.**

गृह मंत्रालय द्वारा कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ), ग्वालियर के रीजनल कमिश्नर सत्यवर्धन गौतम को इस नवगठित समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. इस समिति में केंद्र सरकार के कुल 32 कार्यालय शामिल किए गए हैं. इनमें प्रमुख रूप से नारकोटिक्स आयुक्त कार्यालय ग्वालियर, ट्रिपल आईटीएम, बीएसएफ अकादमी



टेकनपुर, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय, दूरदर्शन प्रसार भारती, पावरग्रिड कॉर्पोरेशन, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया और बीपीसीएल जैसे महत्वपूर्ण संस्थान सम्मिलित हैं.

नवगठित नराकास का मुख्य उद्देश्य राजभाषा नियम, 1976 के नियम-12 के अंतर्गत संघ की राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन और संबंधित कार्यकारी आदेशों के अनुपालन को सुनिश्चित करना है. समिति की बैठकों में सदस्य कार्यालयों की छह-माही राजभाषा प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की जाती है.

# फरार बैंक राशि गबन का आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर, 27 दिसंबर.** थाना कोतवाली पुलिस ने एचडीएफसी बैंक के ग्राहकों से 4 लाख 20 हजार रुपये की राशि का गबन कर 02 वर्ष से फरार चल रहे आरोपी को जिला सिवनी से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है. पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेर सिंह बघेल एवं नगर पुलिस अधीक्षक नितेन्द्र भास्कर के निर्देशन तथा थाना प्रभारी पुष्पेन्द्र सिंह राठौर के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई. पुलिस के अनुसार वर्ष 2023 में एचडीएफसी बैंक स्टेशन रोड, मंदसौर में पदस्थ कर्मचारी तौफिक मन्सूरी द्वारा ग्राहकों से नगद राशि लेकर उनके खातों में जमा नहीं की गई थी.

### अवलोकन — खंडवा में पुलिसिंग व्यवस्था से खुश होकर लौटे डीआईजी

# अच्छे टर्न आउट वाले पुलिस अधिकारी पुरस्कृत

**खंडवा, 27 दिसंबर. पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन सिद्धार्थ बहुगुणा खंडवा जिले के वार्षिक निरीक्षण हेतु दो दिवसीय दौरे पर आए. वार्षिक निरीक्षण के दूसरे दिन पुलिस लाइन खंडवा पहुंचकर परेड का निरीक्षण किया.**

इस दौरान पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय व अधिकारी पहुंचे. जिले के 105 अराजपत्रित अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया. परेड कमांडर थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक देवेंद्र सिंह परिहार एवं सहायक परेड कमांडर सूबेदार धरम सिंह जामोद रहे.



पुलिस उप महानिरीक्षक ने परेड निरीक्षण के दौरान अच्छे टर्न आउट वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को पुरुष्कृत किया. बलवा परेड करवाई गई. पुलिस उपमहानिरीक्षक ने बलवा परेड के प्रदर्शन की सराहना की. कानून व्यवस्था के समय आने वाली व्यावहारिक समस्याओ के बारे में थाना प्रभारियों को समझाइश दी.

शासकीय पुलिस वाहनों का निरीक्षण करते हुए वाहनों के सायरन, इंडिकेटर, बलवा सामग्री, टियर गैस, टूल किट चेक किए. चालकों से टियर गैस गन चलवाई गई. जिसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाले वाहन चालकों को पुरुष्कृत किया. वाहन शाखा प्रभारी सूबेदार ज्योति रघुवंशी को शासकीय वाहनों को समय पर सर्विसिंग एवं बेहतर रख रखाव हेतु निर्देश दिए. अच्छी कमांड व अच्छे टर्नआउट वाले कर्मचारियों को ईनाम दिया गया.

# ग्वालियर में दोनों वर्ग फिर आमने सामने, जातीय तनाव बढ़ा

**ग्वालियर.** ग्वालियर में सवर्ण और दलितों के बीच में टकराव की स्थिति बनी हुई है. यह टकराव लगातार बढ़ता जा रहा है. शिवपुरी में मंच से एक दलित नेता ने मनुस्मति जला दी और तमाम शब्द कहे और इसके बाद ग्वालियर में भी डॉ अंबेडकर की फोटो को जलाने की घटना हुई. एक युवा वकील ने अंबेडकर के पुतले को आकाशवाणी चौराहे पर जलाने का प्रयास किया और उसी समय दलित नेता भी वहां पहुंच गए. दलित और सवर्ण नेताओं के बीच टकराव की स्थिति बन गई है. हालांकि भारी पुलिस बल मौके पर समय रहते पहुंच गया और हालात को संभाल लिया.

# हाईकोर्ट में सरकार की नई पैरवी टीम घोषित

### 41 शासकीय अधिवक्ताओं की नियुक्ति

**इंदौर, 27 दिसंबर. राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में शासन की ओर से पैरवी के लिए नई कानूनी टीम का गठन कर दिया है. विधि एवं विधायी कार्य विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार कुल 41 शासकीय अधिवक्ताओं की नियुक्ति की गई है.**

इनमें तीन अतिरिक्त महाधिवक्ता और तीन उप महाधिवक्ता शामिल हैं. सभी नवनियुक्त अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को हाईकोर्ट परिसर स्थित महाधिवक्ता कार्यालय में



विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया.

विधि एवं विधायी कार्य विभाग के अतिरिक्त सचिव प्रवीण हजारे द्वारा जारी आदेश के अनुसार राहुल सेठी, आशीष यादव और सोनल गुप्ता को अतिरिक्त महाधिवक्ता नियुक्त किया गया है. सोनल गुप्ता पूर्व में भी इस पद पर कार्यरत रहे हैं और अब उनकी पदस्थापना जबलपुर खंडपीठ से इंदौर खंडपीठ में की गई है. राहुल सेठी वरिष्ठ अधिवक्ता ए.के. सेठी के पुत्र हैं, जबकि आशीष यादव हरदा जिले के निवासी हैं.

इसी क्रम में कुशल गोयल, सुदीप भार्गव और श्रेयराज सक्सेना को उप महाधिवक्ता बनाया गया है. श्रेयराज सक्सेना की भी पोस्टिंग जबलपुर से इंदौर की गई है. नई सूची में एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी जयगोपाल चौकसे, जो डीएसपी पद से सेवानिवृत्त हो चुके हैं और इंदौर में कई थानों में टीआई रह चुके हैं, को भी शासकीय अधिवक्ता के रूप में नियुक्त किया गया है. इसके अलावा इंदौर के पूर्व कलेक्टर मनीष सिंह के पुत्र कुशाग्र सिंह को उप शासकीय अधिवक्ता बनाया गया.